# तेरी चौखट पे आकर बाबा | By Raju Siongh Anuragi

तेरी चौखट पे आके भोले बाबा
कोई रोता सिसकता नहीं है
बिना मांगे ही मिल जाता इतना
कोई दु:ख से बिलखता नहीं है

चोट दुनिया से जो खाके आता
चैन है वो तेरे दर पे पाता
हार जाता जो ज़िन्दगी से
वो भी हँसता है तेरी बंदगी से
जान जाता है जो तेरी महिमा
तेरी भक्ति से थकता नहीं है

है करम से तेरे चाँद तारे
लोक तीनो भुवन तेरे सारे
राजू ज़ख़्मी का तुझसे जहाँ है
सुख जन्नत का सारा यहाँ है
जब तलक ना हो तेरा इशारा
कोई बादल बरसता नहीं है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9a%e0%a5%8c%e0%a4%96%e0%a4%9f-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-raju-siongh-anuragi/